Class - V
Subject - HINDI GRAMMAR
पाठ – 2 वर्ण और वर्णमाला

1. सही विकल्प पर शुद्ध (✓) का चिह्न लगाइए।

क. स्वर कितने प्रकार के होते हैं?

दो　　तीन　　चार

उत्तर तीन

ख. कौन–से स्वरों के उच्चारण में बहुत कम समय लगता है?

ह्रस्व स्वर　　दीर्घ स्वर　　प्लुत स्वर

उत्तर ह्रस्व स्वर

ग. हिन्दी में स्वतंत्र वर्ण कौन–से हैं?

स्वर　　व्यंजन　　संयुक्त व्यंजन

उत्तर स्वर

घ. किसका उच्चारण मुँह और नाक दोनों से होता है?

अनुस्वार का　　अनुनासिक का　　विसर्ग का

उत्तर अनुनासिक का

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

क. वर्णों के समूह को <u>वर्णमाला</u> कहा जाता है।

ख. व्यंजनों की संख्या <u>33</u> है।

ग. क्ष, त्र, ज्ञ और श्र <u>संयुक्त</u> व्यंजन हैं।

घ. हिन्दी भाषा में वे वर्ण जो न तो स्वर हैं और न ही व्यंजन हैं, ये <u>अयोगवाह</u> कहलाते हैं।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. वर्ण किन्हें कहते हैं?

उत्तर वे छोटी से छोटी ध्वनियाँ जिनके टुकड़े नहीं किए जा सकते, वर्ण कहलाती हैं।

ख. व्यंजन किन्हें कहते हैं?

उत्तर वे वर्ण जिनके उच्चारण में स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है, उन्हें व्यंजन कहते हैं।

ग. संयुक्त व्यंजन किन्हें कहते हैं?

उत्तर जब दो व्यंजन आपस में मिलते हैं तो उन्हें संयुक्त व्यंजन कहते हैं।

5. दिए गए वाक्यों के आगे शुद्ध (✓) या अशुद्ध (***X***) का चिह्न लगाइए।

क. हिन्दी में स्वरों की संख्या 11 है। ✓

ख. व्यंजन बिना किसी स्वर की सहायता के बोले जाते हैं। ***X***

ग. 'अं' और 'अः' को अयोगवाह कहते हैं। ✓

घ. संयुक्त व्यंजन स्वरों के मेल से बनते हैं। ***X***

ङ व्यंजन तीन तरह के होते हैं। ***X***